सफलता पूर्वक 4 साल

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग

वर्ष : 04 अंक : 303 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, बुधवार, 1 मई, 2024

A TRUSTED BRAND

CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL

CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)

ADMISSION OPEN

SESSION 2024 - 2025

HOSTEL FACILITY AVAILABLE

AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION

LIMITED SEATS

FIT INDIA SCHOOL

TOP 500

ISO 9001:2015

NURSERY TO CLASS XII

SCIENCE, COMMERCE & ARTS

BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD ✆ 9934319186

# लोकसभा चुनाव के लिए 2 उम्मीदवारों ने किया नामांकन



दुल्लु महतो नामांकन करते



निर्दलीय उम्मीदवार प्रेम प्रकाश पासवान नामांकन करते

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के समक्ष 2 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने नामांकन पत्र दाखिल किया, इसके बाद निर्दलीय उम्मीदवार प्रेम प्रकाश पासवान ने नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव के लिए 3 ने खरीदा नामांकन पत्र

धनबाद : लोकसभा चुनाव के लिए आज 3 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे, इस संबंध में अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार ने बताया कि सामान्य वर्ग के लिए 3 व्यक्ति ने 25 - 25 हजार का भुगतान करके नामांकन पत्र खरीदे। नामांकन पत्रों की बिक्री कार्यालय अवधि के दौरान कलेक्ट्रेट में की जा रही है। बिक्री काउंटर पर जिला पंचायती राज विभाग के प्रधान सहायक रमेश कुमार तिवारी, शंभु महतो, नंदलाल चौहान मौजूद थे।

## बिहारः भागलपुर में भीषण सड़क हादसा, 6 बारातियों की मौत

पोलिट लाइव रिपोर्टर

पटना न्यूज़:-कहलगांव मुख्य मार्ग एनएच-80 पर घोघा के आमापुर के पास सोमवार की रात भीषण दुर्घटना हो गई. एक बारात गाड़ी पर गिट्टी लदा हाईवा पलट गया, जिसमें दबकर स्कॉर्पियो में सवार छह बाराती की मौके पर मौत हो गई.

तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घटना रात करीब 11.30 बजे की है. सभी घायलों को मायागंज अस्पताल, भागलपुर भेजा गया है. सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. घटना की सूचना मिलनेके बाद घोघा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और एनएच-80 का निर्माण कर रही एजेंसी की जेसीबी और अन्य संसाधनों से मलबा हटाने का काम शुरू कराया. मलबे में से निकाले गए लोगों में तीन घायल थे, शेष छह लोगों की मौत हो चुकी थी.



# धनबाद बीजेपी प्रत्यासी ढुल्लू महतो ने जिला कलेक्ट्रेट में अपना नामांकन दाखिल किया



## नामांकन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पी एन सिंह, विधायक राज सिंहा मौजूद रहे...

- रोड शो कर दिखाया दम
- राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा पहुँचे आम सभा मे

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबादः धनबाद से बीजेपी उम्मीदवार चीटाही धाम रामराज मंदिर में पूजा अर्चना कर लो लश्कर कार्यकर्ताओं के साथ धनबाद डीसी कार्यालय पहुंचे ढुल्लू महतो ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, निवर्तमान सांसद पी एन सिंह, विधायक राज सिंहा जिला कलेक्ट्रेट में उपस्थित रहे। इससे पहले बीजेपी प्रत्यासी ढुल्लू महतो प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को रिसीव करने धनबाद हवाई अड्डा पहुंचे। यहां आते ही कुछ कार्यकर्ता ढुल्लू महतो जिंदाबाद करते हुए नारेबाजी करने लगे। जिससे ढुल्लू महतो नाराज हो गए और बिफरते हुए बीजेपी कार्यकर्ताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया। ढुल्लू महतो की नाराजगी देख उत्साहित कार्यकर्ता हतोत्साहित होते हुए एयरपोर्ट कैम्पस से बाहर निकल गए। जिसके बाद ढुल्लू महतो बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ नॉमिनेशन करने के लिए जिला कलेक्ट्रेट चले गए।इधर बीजेपी प्रत्यासी ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी अपने पति के जीत के प्रति आश्वस्त दिखी। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा की जनता का आशीर्वाद मिलेगा और राम के नाम पर उनके पति की जीत पक्की है



पूरे रास्ते मे जल की व्यवस्था की गई थी,







### नामांकन बाद रोड शो किया

नामांकन दाखिल करने के बाद पैदल यात्रा करते हुए गोल्फ ग्राउंड में एक चुनाव सभा का आयोजन किया गया जिसने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। इस दौरान सभी भगवा पकड़ी पहने नजर आए।





महिलाये ज्यादा संख्या मे पहुंची थी,



गर्मी से परेशान नेताजी



रोड शो के भीड़ मे फंसी स्कूल बस, एम्बुलेंस, बाराती गाडी मे बेचारा दूल्हा





# धनबाद के एनडीए प्रत्याशी दुल्लू महतो को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की अपील..











पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 30 अप्रैल को धनबाद के एनडीए प्रत्याशी दुल्लू महतो के नामांकन में शामिल हुए। उन्होंने धनबाद में आयोजित विशाल जनसभा को भी संबोधित किया।





राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 2014 के बाद इस देश के भीतर बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ है। 2014 से पहले देश की स्थिति सभी ने देखी होगी। भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार होते थे। भ्रष्टाचार भी ऐसे होते थे कि उसे गिना नहीं जा सकता था। 2014 से पहले देश के भीड़ भाड़ वाले इलाकों में आतंकवादी बम फोड़ कर चले जाते थे। सरहद से सैनिकों का सिर काट कर ले जाते थे। वर्ष 2014 के बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई है।

उन्होंने कहा कि पहले गरीबों का कोई बैंक खाता नहीं होता था। गरीब बैंक की चौखट पर भी पैर नहीं रख सकता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका खाता बैंक में खुलवाकर कट मनी पर अंकुश लगाया। झारखंड में कट मनी ज्यादा चलती थी। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री कहते थे कि हम ₹1 भेजते हैं, गांव तक जाते-जाते 15 पैसे पहुंचता था। आज प्रधानमंत्री ₹100 डालते हैं, तो खाते में पूरे पूरे पैसे आते हैं। किसानों को किसान सम्मन निधि मिलती है। कहीं कोई कट मनी नहीं लगती है। यह 2014 के बाद का परिवर्तन है।

उन्होंने कहा कि पहले माता-बहनें परेशान रहती थी। शौच के लिए रात होने का इंतजार करती थी। भोर होने से पहले जाती थी। माता बहनों को शौचालय देकर सम्मान देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। मां बहने खाना बनाने में परेशान रहती थी। बारिश में यह बढ़ जाती थी। आंख और फेफड़ों में धुआं जाता था। प्रधानमंत्री मोदी ने उज्ज्वला का कनेक्शन देकर मां-बहनों को सम्मान देने का काम किया।

राजस्थान के मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद विकास की रफ्तार में तेजी आई। 6 लेन की सड़के बना रही है। रेलवे में भी ऐतिहासिक विकास हुआ है। हर क्षेत्र में विकास हुआ है। अस्पतालों की संख्या बढ़कर पांच गुनी हो गई है। दुनिया के भीतर भारत का सम्मान बढ़ा है। पहले पिछड़ा, दिनहीन भारत का चेहरा विश्व में दिखते थे। आज सारी दुनिया भारत की तरफ हसरत भरी निगाहों से देखती है। रूस और यूक्रेन के युद्ध के बीच में फंसे भारत के नौजवानों को सुरक्षित निकालने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि इस बार राजस्थान में 25 में से 25 सीटें लोकसभा में आ रही है। इस बार झारखंड में भी 14 में से 14 सीटें भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की होने वाली है। आने वाला विधानसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने वाली है। भाजपा हमेशा देश की संस्कृति और विचार को लेकर चलती है। श्री शर्मा ने कहा कि विपक्ष कहता था कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 नहीं हटेगी। खून की नदियां बह जाएगी। जो लोग ऐसा कहते थे, उनको जवाब मिल गया। धारा 370 हटाने के बाद वहां एक कंकड़ भी नहीं फेंका गया। जब हम कहते थे कि रामलला आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। विपक्ष वाले कहते थे कि तारीख नहीं बताएंगे। अब भगवान राम का भव्य मंदिर भी बन गया है। विपक्ष ने भगवान राम को काल्पनिक बताने का काम किया। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भी स्वीकार नहीं किया। जो भगवान राम के नहीं है, तो राम उनके कहां से रहेंगे। झारखंड में आने वाले विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए भाजपा की सरकार बनेगी।

एनडीए के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए धनबाद से दुल्लू महतो को विजयी बनाना है। विपक्ष के पास नेता का कोई चेहरा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी का कोई विकल्प नहीं है। जिस गठबंधन का कोई चेहरा नहीं, तो उसे वोट नहीं। यही मानकर जनता को वोट करना है। देश प्रधानमंत्री चुनने निकला है और प्रधानमंत्री ऐसा चाहिए जो 10 साल से परखा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने सिंदरी कारखाना को पुनर्जीवित कर ऐतिहासिक काम किया है। आईएसएम को आईआईटी का दर्जा देने का काम किया है।

### राज्य में भाजपा सरकार बनने पर धनबाद से गुंडागर्दी खत्म होगी : बाबूलाल मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार के चुनाव में पिछली बार की तुलना में अधिक वोट से दुल्लू महतो को विजयी बनाना है। इस गर्मी और विपक्ष के चुनौती को भी स्वीकार करना है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रहने पर सरहद की सुरक्षा मजबूत हुई। आम लोग भय मुक्त होकर जीवन बसर कर रहे हैं। धनबाद शहर में आज लोग भयभीत हैं। यहां से आए दिन हत्या की खबर आती है। रंगदारी मांगने की खबर आती है। जनता को इतना विश्वास दिलाता हूं कि राज्य में 6 महीने बाद भाजपा की सरकार बनने पर धनबाद में चल रहा है गुंडागर्दी को रातों-रात से खत्म कर दिया जाएगा। आम जनता के सहयोग से ही यह संभव हो सकेगा। इसकी शुरुआत लोकसभा चुनाव से करनी है। भाजपा की सरकार बनने पर राज्य का विकास होता है जनता का विकास होता है। इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर लोग अपना विकास करते हैं। परिवार का विकास करते हैं। देश के लिए गरीबों के लिए राज्य के विकास के लिए भाजपा को वोट दें। देश में नरेंद्र मोदी को फिर से बनाने के लिए वोट दें।

### नरेंद्र मोदी को देश तीसरी बार देश का प्रधान सेवक बनाना है : अमर बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी को देश का प्रधान सेवक चुनने के लिए मतदान करना है। हर परेशानी को दरकिनार कर शत प्रतिशत मतदान का प्रयोग कर धनबाद से एनडीए प्रत्याशी दुल्लू महतो को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाना है। विरोधियों के दांत पहले ही खट्टे थे। जनता ने उनके दांतों को और खट्टा करने का काम किया है। उसके हौसले को पस्त करने का काम किया है।

### प्रधानमंत्री ने सिंदरी खाद कारखाना को पुनर्जीवित करने का ऐतिहासिक काम किया : सुदेश महतो

आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि विपक्ष की कोई चुनौती यहां नहीं दिख रही है। यह चुनाव पूरे भारत के नेता का चुनाव है। एनडीए के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए धनबाद से दुल्लू महतो को विजयी बनाना है। विपक्ष के पास नेता का कोई चेहरा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी का कोई विकल्प नहीं है। जिस गठबंधन का कोई चेहरा नहीं, तो उसे वोट नहीं। यही मानकर जनता को वोट करना है। देश प्रधानमंत्री चुनने निकला है और प्रधानमंत्री ऐसा चाहिए जो 10 साल से परखा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने सिंदरी कारखाना को पुनर्जीवित कर ऐतिहासिक काम किया है। आईएसएम को आईआईटी का दर्जा देने का काम किया है।

### ईमानदारी पूर्वक जनता की सेवा करूंगा : दुल्लू महतो

प्रत्याशी दुल्लू महतो ने कहा कि एक मजदूर के बेटा को भारतीय जनता पार्टी ने धनबाद से उम्मीदवार बनाया है। जीतने के बाद मैं ईमानदारी पूर्वक जनता की सेवा करूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक-एक काम को धरती पर उतरने का काम करूंगा। आम जनता के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहूंगा।

# कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह का तूफानी जनसंपर्क अभियान बोकारो से धनबाद तक....





## कांग्रेस के विजन से ही बदलेगा धनबाद अनूपमा सिंह

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह का तूफानी जनसंपर्क अभियान धनबाद लोकसभा के बोकारो जिला से होते हुए धनबाद सखी कुंज अपार्टमेंट मटकुरिया में मारवाड़ी समाज की महिलाओं के साथ बैठक कर आशीर्वाद प्राप्त किया और उपस्थित सभी को अपने विजन के बारे में बताया साथ ही साथ धनबाद की ज्वलंत समस्या पर चर्चा किए अनुपमा सिंह ने कहा कि अच्छे कॉलेज नहीं है आज बच्चों को पढ़ने के लिए बाहर जाना पड़ता है रोजगार के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं है इतने बड़े आउटसोर्सिंग में होने के बावजूद यहां के युवा बेरोजगार हैं जाम की भारी समस्या है विभिन्न मेट्रोपॉलिटन सिटीज के लिए यहां से ट्रेन नहीं है एयरपोर्ट नहीं है अच्छे हॉस्पिटल नहीं है मुझे एक बार आशीर्वाद दें आपकी उम्मीदों पर पूर्ण रूप से खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगी मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने कहा कि हमारी आपको शुभकामनाएं आशीर्वाद और जीत कर आप आए हम फिर



आपका स्वागत करेंगे क्योंकि आप संसद के लिए योग्य हैं मौके पर महिला समिति की अध्यक्ष शारदा बाजाज सचिव सुधा खेतान किरण गोयनका निर्मला तुल्सयान सहित अन्य समाज के प्रबुद्ध महिलाएं थी प्रभात सुरोलिया लिया राजेश्वर सिंह यादव सहित अन्य थे यहां से धनबाद नगर निगम अंतर्गत वार्ड संख्या 27 भिसतीपाड़ा एच ई स्कूल हनुमान मंदिर के सामने धनबाद विधानसभा के बारामुडी बाबूडीह खटाल में जनसंपर्क युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार गौरव मदन राम एजाज अहमद रिजवी किशोर रावत संतोष महतो आदि थे फूसबंग्ला में महेंद्र बाबू मीनू आप पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होते हुए डिगावाडीह 10 नंबर इंडिया गठबंधन के घटक दल कार्यालय के समीप नुक्कड़ सभा एवं आम पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक झरिया प्रखंड के भंवरा 6 नंबर 7 नंबर जहाजटांड बाजार होते हुए जनसंपर्क एवं नुक्कड़ सभा ट्राफिक कालोनी पाथरडीह दुर्गामंदिर के समीप नुक्कड सभा जामाडोबा हॉस्पिटल के बना बगल में रंजनपुर बरकीटांड आदि स्थानों पर जनसंपर्क अभियान जारी है हर जगह लोगों का जनसेवा के उमड़ रहा है प्यार आशीर्वाद महिला सशक्तिकरण की दिशा की ओर लोग अभिनंदन कर रहे हैं वह चाहते हैं की धनबाद धनबाद में गरीबों आदावासियों दलित और पिछड़ों की न्याय पूर्ण भागीदारी को सुनिश्चित करने और उनके हकों की सुरक्षा एवं माफिया राज के चुंगल से मुक्त कराना और कांग्रेस की घोषणा पत्र में पांच न्याय पच्चीस गारंटीयों का लाभ दिलाना यही अनुपमा की गारंटी है.

# भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती रागिनी सिंह अपने सैकड़ों समर्थको के साथ गोल्फ ग्राउंड पहुंची

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : भाजपा लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन एवं गोल्फ ग्राउंड में आयोजित चुनावी जनसभा में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती रागिनी सिंह अपने सैकड़ों समर्थको के साथ गोल्फ ग्राउंड पहुंची जहा मंच पर अपने संबोधन में संसद प्रत्याशी ढुल्लू महतो को भारी मतों से जीत दिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हाथो को और मजबूत करने का आह्वाहन किया।जहा इस दौरान मंच पर मुख्य रूप से राजस्थान के मुख्य



मंत्री भजनलाल शर्मा को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया वही इस दौरान मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी प्रत्याशी ढुल्लू महतो नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी मुख्य सचेतक बिरंची नारायण भाजपा प्रदेश मंत्री सरोज सिंह आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो गिरिडीह प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी धनबाद विधायक राज सिन्हा भाजपा धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय भाजपा के वरिष्ठ नेता गणेश मिश्रा ज्ञान रंजन सिन्हा श्रीमती तारा देवी समेत अन्य गणमान्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

# सुनैना किन्नर के नामांकन मे भाग लेगी यूपी के राज्यमंत्री के दर्जा प्राप्त किन्नर कल्याण बोर्ड की कौशल्यानंद गिरी किन्नर

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद: पूरे झारखंड राज्य में 1 मात्र ऐसी प्रत्याशी है जो किन्नर समुदाय से आती है और धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही है। उन्होंने अपना नामांकन पत्र भी ले लिया है और 3 मई को वह नामांकन करेगी। इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि कई प्रत्याशियों के आला कमान के द्वारा उनके नामांकन के दौरान बड़े नेता नेताओं को बुलाया जाता है मगर धनबाद से लोकसभा प्रत्याशी सुनैना किन्नर जिसके नामांकन के



दिन मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश की राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य व किन्नर अखाड़ा सनातन महामंडलेश्वर एवं प्रयागराज नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर कौशल्या नंद गिरी किन्नर भाग लेगी उसकी तैयारी किन्नर समाज जोरों से कर रही है। यह धनबाद के लिए एक बहुत बड़ी बात है की झारखंड में पहली बार और धनबाद लोकसभा से कोई किन्नर समाज चुनाव लड़ रही है और उनके नामांकन के दौरान बंगाल और उत्तर प्रदेश बिहार समेत कई राज्यों से किन्नर समाज के लोगों के इलावे कई सामाजिक संस्था के लोग शामिल होंगे।

# निर्वाचन व्यय एवं अनुवेक्षण से संबंधित बिंदुओं पर व्यय प्रेक्षक ने की समीक्षा

- निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समस्त गतिविधियों पर विशेष निगरानी के निर्देश
- निर्वाचन व्यय से संबंधित टीमें विभिन्न जांच नाकों सहित अन्य स्थानों पर अलर्ट रहें

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त निर्वाचन व्यय एवं अनुवेक्षण से संबंधित बिंदुओं पर समीक्षा हेतु न्यू टाउन हॉल धनबाद में व्यय प्रेक्षक निखिल गोयल(आई.आर.एस) एवं आनंद कुमार(आई.आर.ए.






एस) द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समितियों व्यय निगरानी सेल, लेखा टीम, फ्लाईंग स्कायड, स्थैतिक निगरानी दल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, व्यय लेखा, वीडियो अवलोकन दल आदि के विषय में जानकारी ली। व्यय प्रेक्षक ने निर्देशित किया कि निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समस्त गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाये। उन्होंने आचार संहिता के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले व्यय की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी के व्यय अनुवीक्षण के लिए विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए गठित टीम अभ्यर्थी के खर्च की निगरानी करें। व्यय कार्यों के लिए गठित टीम व्यय के रिकार्ड मेंटेन करते हुए डेली रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि एकाउंटिंग टीम प्रतिदिन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। एसएसटी, एफएसटी, वीवीटी और वीएसटी की टीम द्वारा की जाने वाली कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। व्यय प्रेक्षक ने निर्देशित किया कि फ्लाईंग स्कायड, स्थैतिक निगरानी दल तथा निर्वाचन व्यय से संबंधित टीमें विभिन्न जांच नाकों सहित अन्य स्थानों पर अलर्ट रहें।

बैठक में व्यय प्रेक्षक कोषांग के वरीय/नोडल पदाधिकारी, एमसीएमसी कोषांग के वरीय/नोडल पदाधिकारी, एमसीसी कोषांग के वरीय/नोडल पदाधिकारी, सहायक आयुक्त उत्पाद समेत सभी सहायक व्यय प्रेक्षक, सभी अकाउंटिंग टीम, सभी एसएसटी, सभी एफएसटी, सभी एमसीएमसी कोषांग के सदस्य, सभी विविटी, सभी वीएसटी मौजूद रहे।

# बिना नाराजगी के अनुपमा सिंह को जिताना है - अशोक सिंह

पोलिट लाइव रिपोर्टर




सिंदरी : मजदूर दिवस पर इंडी गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह के नामांकन को लेकर सिंदरी नगर कॉंग्रेस कमेटी की बैठक शहरपुरा इंटक कार्यालय में मंगलवार को की गई। इसमें लोकसभा चुनाव के कॉंग्रेस टिकट के प्रबल दावेदार पेट्रोलियम डीलर एशोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष सह कॉंग्रेस प्रदेश महासचिव अशोक सिंह ने कहा कि बिना नाराजगी के लोकसभा चुनाव के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह को जिताना ही हमारा उद्देश्य है। इसकी अध्यक्षता सिंदरी नगर कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय कुमार ने की।

उन्होंने कहा कि हम सभी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं। अनुपमा सिंह को जिताने के लिए हम लोग जी जान लगा देंगे। राहुल गाँधी को प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पंहुचाने के लिए हम लोग प्रयास कर रहे हैं। वह टिकट नहीं मिलने से नाराज नहीं है। अशोक सिंह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो का धनबाद के लोगों के प्रति क्या व्यवहार रहा है, यह किसी से छिपी हुई बात नहीं है। उन्होंने कर्नाटक राज्य के राजग गठबंधन के जेडीएस नेता प्रज्वल रेवन्ना के सेक्स वीडियो वायरल होने के बाद जर्मनी भाग जाने को मुद्दा बनाया। उन्होंने कहा कि अनुपमा सिंह पढ़ी-लिखी महिला हैं। समझदार हैं, लोगों को साथ लेकर चलने की उनमें क्षमता है। भाजपा या कॉंग्रेस के वादे सभी पूरे नहीं किये जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ओबीसी, सामान्य वर्ग, युवा, महिला सबका ख्याल रखा गया है। अशोक सिंह ने बुधवार को अनुपमा सिंह के नामांकन में अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित आम जनता से गोल्फ ग्राउंड पहुंचने की अपील की है। बैठक में जिला महासचिव सह सिंदरी प्रभारी राहुल राज, जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष पप्पू पासवान, जिला महासचिव दिलीप मिश्रा, अजय सिंह, गोपाल धारी, नगर उपाध्यक्ष राज बिहारी यादव, सत्देव सिंह,मनोज घोष, विश्वनाथ सिंह, सिद्धार्थ , मुन्ना यादव, पूर्णेदु सिंह, सतेंद्र सिंह, सोमनाथ दुबे, अशोक वर्मा, मो हाकिम, सियाकांत दुबे, गोपाल धारी, ललन ठाकुर, ओमप्रकाश, राजेश पासवान, संतोष कुमार, नकुल वर्मा, मो राही, सुनीता देवी, मंटी कुमार, शैलेश पंडित, अख्तर अकिल, राजू पांडेय, विजय सोरेन, शिव शंकर यादव, भरत बिहारी यादव, रूबी देवी, सरिता देवी, चमेली देवी, संजय यादव सहित कई कॉंग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढुल्लू महतो के नामांकन के बाद रोड शो में किया जोरदार स्वागत

पोलिट लाइव रिपोर्टर





धनबाद: भाजपा के सांसद प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन के बाद रोड शो के दरमियान भाजपा कार्यकर्ता संघ ठाकुर कुल्ही एवं राहरगोरा निवासियों ने चंचनी मोड़, धैया रोड पर माननीय सांसद प्रत्याशी ढुल्लू महतो जी का भव्य स्वागत पुष्पगुच्छ एवं माला पहनाकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन बरटांड मंडल उपाध्यक्ष मनोज सिंह के द्वारा किया गया। इस स्वागत समारोह में अजीत पोद्दार, अजय चौबे, मदन मोहन सिंह, सत्यम सिंह, भोलानाथ पांडे, निमाई दा,संतोष रजक, दुर्गा सिंह, रंजीत जायसवाल, अप्पू चौरसिया, अनिल सिंह, गणेश सिंह, विक्रम, कार्तिक, सन्नी, टीटू , प्रकाश चौहान, मोहन, सुभम, जीतू राणा, रीता देवी, वीना देवी, लक्ष्मी देवी, नीतू कुमारी, मीनू विश्वकर्मा एवं भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने वास्तुविहार कौआबांध में जिला कार्यालय का किया उद्घाटन



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने मंगलवार को वास्तुविहार कौआबांध में जिला कार्यालय का उद्घाटन समारोह पूर्वक किया । उन्होंने कहा कि इस कार्यालय से पार्टी की गतिविधियां बेहतर तरीके से संचालित होगी । उन्होंने कहा कि धनबाद समेत सभी 14 लोकसभा सीटों पर भाजपा- गठबंधन की जीत होगी। उन्होंने आजसे के सभी जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओं को धनबाद से एनडीए प्रत्याशी ढुलू महतो और गिरिडीह से चंद्र प्रकाश चौधरी की प्रचंड जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं को दिन-रात मेहनत करने का आह्वान किया। श्री महतो कहा कि इस बार केंद्र में 400 से अधिक सीट जीतकर नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री होंगे और देश का विकास तेज रफ्तार से होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में गठबंधन सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री के जेल में रहने का भी इस इस चुनाव में दिखेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के बाद विधानसभा चुनाव में भी झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी और सरकार झारखंड के बेरोजगारों की आकांक्षा पूरी करेगी। इस मौके पर गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, पूर्व विधायक उमाकांत रजक, यशोदा देवी, आजसू जिलाध्यक्ष मंटू महतो, हलधर महतो, अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी, विनय सिंह, पप्पू सिंह, सफीक आलम, संतोष महतो, भास्कर ओझा, शमीम अंसारी, पूनम सिंह, गोपाल महतो, सुनील शर्मा, गब्बर अंसारी, गिरधारी महतो, सुरेश दास, इकरामुल, किशुन सोरेन आदि मौजूद थे।




मैनेजिंग संपादक - बिद्युत वर्मा, कार्यालय- गली न0-10, बिनोद नगर, धनबाद-826001, Mobile No. : 9934560545

# बिनोद बिहारी महतो स्मारक इंटर कॉलेज बड़वाद में छात्र-छात्राओं के इंटरमीडिएट कला संकाय की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को प्राचार्य ने मिठाई खिलाकर शुभकामनायें दी

पोलिट लाइव रिपोर्टर

पूर्वी टुंडी : पूर्वी टुंडी प्रखंड स्थित बिनोद बिहारी महतो स्मारक इंटर कॉलेज बड़वाद में छात्र-छात्राओं के इंटरमीडिएट कला संकाय की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन में प्रथम में स्नेहा मरांडी, द्वितीय में बिक्रम दत्ता, तृतीय में करण कुमार ने स्थान



प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले स्नेहा मरांडी के घर बड़बाद मे जाकर कॉलेज के प्राचार्य कार्तिक महतो ने छात्रा को सफलता पर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। मौके पर कॉलेज की शिक्षक एवं छात्रा की परिवार उपस्थित थे।बड़वाद कॉलेज में कला विषय में कुल 144 छात्र छात्राएं शामिल हुए। जिनमे प्रथम श्रेणी में 54 छात्र उत्तीर्ण हुए। द्वितीय श्रेणी में 83 छात्र उत्तीर्ण हुए। तृतीय श्रेणी में 1 छात्र उत्तीर्ण हुए। वाणिज्य संकाय विषय पर एक ही छात्र शामिल हुए थे जो द्वितीय स्थान प्राप्त कर सफल हुए।

## माही क्रिकेट कुमारधुबी की लड़कियों ने झारखंड राज्य अंतर जिला अंडर 15 क्रिकेट टूर्नामेंट में धनबाद जिला की ओर से खेलते हुए रामगढ़ को हराया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

कुमारधुबी: माही क्रिकेट कुमारधुबी की लड़कियों ने झारखंड राज्य अंतर जिला अंडर 15 क्रिकेट टूर्नामेंट में धनबाद जिला की ओर से खेलते हुए रामगढ़ को हराने में अहम भूमिका निभाई। पाकुड़ में आयोजित इस टूर्नामेंट में रामगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट खोकर 103 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए धनबाद में महज 9 ओवर में 107 रन बिना विकेट खोए बनाकर मैच जीत लिया। धनबाद जिला की ओर से खेलते हुए कुमारधुबी की अनु कुमारी यादव ने 34, आनंदी कुमारी ने 31 तथा श्रेया प्रिया ने 25 रन बनाए।

## प्लस टू हाई स्कूल गोविंदपुर, महेंद्र प्लस टू हाई स्कूल बरवापूर्व एवं प्लस टू हाई स्कूल नगरकियारी का इंटरमीडिएट वाणिज्य का रिजल्ट हुआ शत प्रतिशत

पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : प्लस टू हाई स्कूल गोविंदपुर, महेंद्र प्लस टू हाई स्कूल बरवापूर्व एवं प्लस टू हाई स्कूल नगरकियारी का इंटरमीडिएट वाणिज्य का रिजल्ट शत प्रतिशत हुआ है। प्लस टू हाई स्कूल गोविंदपुर के प्राचार्य दिनेश सिंह ने बताया कि उनके विद्यालय से कॉमर्स में 26 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इनमें सभी सफल हुए हैं। इनमें 21 प्रथम और पांच ने द्वितीय श्रेणी में सफलता पाई है। आईएससी का 82 प्रतिशत रिजल्ट हुआ है। आईए 99% ने सफलता पाई है। आईएससी में समीर भंडारी 78%, अर्जुन रजवार 77% और साक्षी सिन्हा को 74% प्राप्त हुए हैं। कॉमर्स में संगीता मरांडी को 82.6%, रेशमा खातून 79.6%, परवेज अख्तर अंसारी को 80% और शौकत अंसारी को 78.4% अंक मिले हैं। इसी तरह आर्ट्स में अब्रूजर अंसारी एवं अभिषेक कुमार महतो को 81 प्रतिशत, नेहा प्रवीण को 77.4 और रजनी कुमारी को 77% अंक तथा रंजीत कुमार सोनार को 77% प्राप्त हुए। बरवापूर्व के प्राचार्य राजेश कुमार सिंह ने बताया कि उनके विद्यालय से कॉमर्स में 24 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे और 24 सफल रहे।अब्दुल रेहाना को 84%, आकाश रविदास को 76% और एहसान खान को 65% अंक मिले। साइंस में अर्चना कुमारी ने 72.4%, प्रदीप कुमार मुर्मू ने 67.4% और आशा सोरेन ने 67.2% अंक हासिल किए। रिजल्ट 60% रहा। आर्ट्स में मायना गोराई 83.5%, रेशमा खातून 78.6% और कौशर जहां को 78% अंक हासिल हुए। आर्ट्स का रिजल्ट 97% रहा। प्लस टू हाई स्कूल नगरकियारी की प्राचार्य डॉ मीरा सिंह ने बताया कि उनके यहां से कॉमर्स में 17 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे और सभी सफल हुए। 14 प्रथम श्रेणी में और तीन द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विजय राय को 83%, राकेश राय को 79% और सूबल राय को 78.8% अंक मिले। इसी तरह साइंस का रिजल्ट 77% रहा। 21 प्रथम श्रेणी और छह द्वितीय श्रेणी में होते हुए।

## हरि ओम सेवा संस्था के संस्थापक सदस्य विनोद सिंह लगातार गरीब लड़की के शादी में बढ़ चढ़कर मदद कर रहे है : शीतल दत्ता

पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : हर एक परिस्थिति में जरूरतमंद लोगों के मदद के लिए विनोद सिंह अपने क्षमता अनुसार लगातार सहयोग कर रहे है चाहे किसी गरीब लड़की के शादी हो या किसी जरूरतमंद को रक्त की जरूरत हो या गरीब छोटे बच्चों को अस्पताल में मदद पहुंचाने का काम हो। इस तरह के सभी मानव धर्म कार्य में हरिओम सेवा संस्था तथा उनके सदस्यों के द्वारा लगातार



काम करने का प्रयास जारी हैं आपको बता दे की चांदमारी के मांझी बस्ती में एक अत्यंत गरीब लड़की के शादी में हरिओम सेवा संस्था के विनोद सिंह के द्वारा 5000 सहयोग राशि और कुछ सुखा राशन देकर मदद किया और लड़की के सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद दिए और अपना मानव धर्म निभाएं। इसके लिए संस्था के मीडिया प्रभारी शीतल दत्ता ,संस्थापक सदस्य प्रेमांशु पाल ,प्रभास पाल, सूर्य गोपाल भट्टाचार्य ,राणा प्रताप सिंह, सचिव हारु बावरी , राजा सिंह, बबलू बावरी,संजय रावत, अध्यक्ष डॉक्टर स्वरूप चौधरी, सक्रिय सदस्य शंकर दास, दिलीप चौहान, अभय दीक्षित ,अमित सोंडा ,अमित बनर्जी ,मुकेश, दिनेश ,अनिल ,आमोद ,चंदन रंजीत महतो पिंटू ,रंजीत, विजय, अविनाश महतो, संचिता सहा आदि ने ढेर सारी शुभकामनाएं और बहुत सारा बधाई दिए।

## भाजपा प्रत्याशी दुल्लु महतो के नामांकन मे भाजपा ग्रामीण ओबीसी मोर्चा ने कार्यकर्ताओं को स्वागत किया




पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद: धनबाद लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी दुल्लु महतो ने नामांकन दाखिल किया।इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महादेव कुंभकार के साथ ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष सुमित्रा दास नॉमिनेशन सम्मान समारोह सभी कार्यकर्ता को स्वागत करते हुए।

# एसएचएमएस इंटर महाविद्यालय कुमारधुबी के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

पोलिट लाइव रिपोर्टर


कुमारधुबी : एसएचएमएस इंटर महाविद्यालय कुमारधुबी के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विज्ञान संकाय में अनुभव सामंता क्रमांक 10008 (445), राहुल गुप्ता क्रमांक 10089 (443) व आंचल दे क्रमांक 10101 (443)तथा आकाश कुमार क्रमांक 10099 (424)क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कला संकाय में साइमा इरम क्रमांक 30076 ( 387) आदित्य कुमारी क्रमांक 30173 (381) तथा श्वेता कुमारी क्रमांक30098 (377) अंक लाकर क्रमशः प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय में अनिकेत प्रसाद क्रमांक 20039 (423)अनुराधा कुमारी क्रमांक 20027 (406) तथा मुस्कान परवीन क्रमांक 20051 ( 403 ) अंक लाकर क्रमशः प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे।



Sci XII 2022-24
1st - 10008 Anubhav Samanta (445) - 89%
2nd - 10089 Rahul Gupta (443) - 88.6%
10101 Anchal Dey (443) 88.6%
3rd - 10099 Akash kumar (424) 84.8%
Arts
1st 30076 Saima Eram / Abdul Angil khan (387) - 77.4%
2nd 30173 Aditi kumari / P Krishna (381) - 76.2%
3rd 30092 Sweta kumari / Ramanand Shaw (377) 75.4%
Com
1st - 20039 Aniket Prasad / Sunita Prasad (423)
2nd - 20027 Anuradha Kumari / Manju Devi (406)
3rd - 20051 Muskan Perween / Sazda Parween (403)




















# आमझर के ग्रामीणों ने पानी के लिए किया प्रदर्शन

पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुरः आमझर गांव में पेयजल को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। ग्रामीणों का कहना है कि विगत 15 दिनों से सोलर पानी टंकी खराब है। इसको लेकर मुखिया विभाग की जेई विधायक पत्नी तारा देवी से भी समस्या का अवगत कराया गया। इसके बावजूद समस्या का निदान नहीं हुआ। ग्रामीण महिलाएं दूसरे गांव टोला दूरदराज से पानी ला रही है। ग्रामीणों ने कहा है कि शीघ्र जल समस्या से निजात नहीं किया गया तो प्रखंड कार्यालय मे प्रदर्शन करेंगे।



ग्रामीणों का कहना है कि आमझर पंचायत में तकरीबन 8000 की आबादी है। पंचायत में नल जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा। विभाग द्वारा सिर्फ पाइप बिछाया है। लगें पाइप जहां तहां फट गया है। व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो इसको लेकर जोरदार आंदोलन किया जाएगा। मौके पर समीर प्रमाणिक, संदीप प्रमाणिक, तापस दास, निर्मल गोप, रितेश कालिंदी, विकास कालिंदी, प्रदीप कालिंदी, बबलू कालिंदी, कमला डोमीन, सीमा डोमीन, सावित्री डोमीन, रेखा डोमीन, रीना सिंह, विमला देवी, चंपा देवी डोमीन आदि मौजूद थे।

## नमन विद्या के छात्र-छात्राओं ने जैक साइंस क़े रिजल्ट मे शानदार प्रदर्शन किया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : जैक साइंस का रिजल्ट आते ही नमन विद्या कतरास में खुशी की लहर दौड़ गई। नमन विद्या के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। नमन विद्या की रक्षा कुमारी 86.4%, सानिया कुमारी 84.8%, अजीत कुमार महतो 83.2%, पृथ्वीराज प्रजापति 81% ,सुजल कुमार गुप्ता 81%, आरती कुमारी 80.2%, सागर कुमार महतो 79.2%, करण शर्मा 79%, कोमल कुमारी 78.6%, पूजा कुमारी 77.2%, विजय कुमार साव 77.2%, आशीष कुमार साव 77.2%, उदय कुमार रजवार 77%, खुशबू कुमारी 77%, मुस्कान कुमारी 76.2%, दीपक कुमार साव 76.2% ,शिवकुमार साव 76.2%, विशाल प्रसाद 75.6%, जितेंद्र दत्ता 75.2% ,अजय कुमार मंडल 75% ,अनुज कुमार साव 74.8% ,अमित कुमार साव 74.6%, सौरव कुमार दास 74%, सन्नी कुमार दास 74%, बबलू कुमार पांडे 74% ,शानु कुमारी 73.4%, राजेश कुमार महतो 73.4% ,कार्तिक कुमार 73%, नारायण कुमार साव 72.4%, सुरुचि कुमारी 72.2% ,अनीश हँस्दा 71.8% , विवेक कुमार महतो 71.6%, अरमान अंसारी 71% , अजय कुमार राजवर् 71% उर्वशी कुमारी 71% संदीप कुमार 71%, निशांत कुमार सिंह 70.6% आदि ने सफलता प्राप्त की।

## एकल विद्यालय सिंदरी का मासिक बैठक मिरा मोहन ऊद्धान में सम्पन्न



पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरीः शहरपुरा एल टाईप स्थित मिरा मोहन ऊद्धान में एकल विद्यालय सिंदरी संच का मासिक बैठक हुआ, जिसका विधिवध भारत माता के तस्वीर पर दीप जला कर उद्घाटन सिंदरी संच अध्यक्ष गौरव वक्ष ने कि सभी आचार्य अपना मासिक रिपोर्ट जमा कियें तथा आने वाले एक महिना का कार्य योजना बनाया गया, सभी आचार्य को संच के अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा अपने गांव में मतदाता जागरूकता करें और बच्चों को अपने संस्कृति के बिस्तर की जानकारी दें। इस मासिक बैठक में संच के संयुक्त सचिव अंगद सिंह संच के सह सचिव आनन्दी प्रसाद संच के बौद्धिक प्रमुख इन्द्र मोहन सिंह संच के कार्यालैय प्रभारी मन्टुन सिंह संच के सदस्य योगेन्द्र सिंह तथा संच के सदस्य सरोज सिन्हा जी उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव को ले बीडीओ ने किया बैठक



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुरः प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी के साथ-साथ प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित किया। बैठक में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी मतदान केंद्रों में न्यूनतम सुविधाए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों में सुगम एवं सुखद अनुभव के लिए उन्हें सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। बीडीओ श्री सिन्हा ने उपस्थित कर्मचारियों को मतदान के दिन से 3 दिन पूर्व मतदान केंद्रों पर उपलब्ध एएमएफ का सामाजिक अंकेक्षण ग्रामीण विकास विभाग के सोशल ऑडिट के द्वारा किया जाएगा। अतः सभी मतदान केंद्रों पर पुन सत्यापन कर शत प्रतिशत एएमएफ सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही साथ बैठक में मनरेगा एवं अबुआ आवास योजनाओं की प्रगति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गई। बैठक में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में बीपीआरओ मो आलम, बीपीओ विशाल कुमार, प्रखंड कोऑर्डिनेटर, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक मौजूद थे।

## भाजपा लोकसभा प्रत्याशी दुल्लू महतो के नामांकन मे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के रोड शौ के दौरान रानी बांध धैया मे भव्य स्वागत किया गया




पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : भाजपा लोकसभा प्रत्याशी दुल्लू महतो के नामांकन मे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के रोड शौ के दौरान रानी बांध धैया मे भव्य स्वागत किया गया जिसमे सैकड़ों लोगों धैया रानी बांध के पास चिलचिलाती धूप और गर्मी मे स्वागत के लिए डटे रहे।

इस दौरान वहा उपस्थित लोगो मे बरटांड मंडल अध्यक्ष राजकुमार मंडल, जगबंधु मंडल, किशोर मंडल, लोकसभा चुनाव के सोशल मीडिया संयोजक विक्रांत उपाध्याय, सह संयोजक बृजनंदन शर्मा, बी बी पी सिन्हा, सरोज शुक्ला, उत्तम मंडल,छोटू सिंह, रंजीत कुमार, पुस्पा राय, मीना देवी, आशा देवी, राजकुमार दास, संजीत मंडल, के साथ साथ अनेक कार्यकर्ता और स्थानिये लोग उपस्थित थे।

## काँग्रेस नेता अमित महतो के दामाद का आकस्मिक दुर्घटना मे मृत्यु की सूचना पर वियाडा के पूर्व चैयरमेन विजय झा ने मिलकर ढांढस बंधाया

- विधायक सरयू राय ने भी दूरभाष पर हौसला बढ़ाया व घटना पर दुःख प्रकट किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर

कतरास : काँग्रेस नेता अमित महतो के दामाद का आकस्मिक दुर्घटना मे मृत्यु की सूचना पर वियाडा के पूर्व चैयरमेन विजय झा ने मिलकर ढांढस बंधाया तथा जमशेदपुर पूर्वी के लोकप्रिय विधायक सरयू राय ने भी दूरभाष पर हौसला बढ़ाया व घटना पर दुःख प्रकट किया, बरोरा, जमशेदपुर पूर्वी के लोकप्रिय विधायक सरयू राय ने दूरभाष पर अमित महतो से बातचीत कर दुख प्रकट किया, साथ ही वियाडा के पूर्व चैयरमेन विजय झा ने मुराईडीह बस्ती पहुंच कर अमित महतो से मिलकर उनके दामाद के आकस्मिक निधन व दुखद घटना पर ढांढस बंधाया तथा हर संभव मदद करने का भरोसा दिया, मौके पर समाजिक कार्यकर्ता गौतम मंडल ने असमायिक निधन पर शोक संवेदना प्रकट कर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की, सनद् रहे कि महुदा कांड्रा निवासी त्रिलोचन साव (28) वर्ष का परसो रात्रि मे बरवड्डा उदयपुर के समीप शादी से वापस आने के समय दुर्घटना होने पर मृत्यु हो गई थी, सनद् रहे की अमित महतो की पुत्री की शादी 12 मई 2023 को हुई थी व प्रथम वैवाहिक वर्षगाँठ मनाने की तैयारी कर रहे थे,पर होनी को कुछ मंजूर थी, मौके पर मृतक के जीजा राजगंज उदय पुर निवासी महेंद्र प्रसाद साव भी मौजूद थे.

